मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-281
09/06/2025

# मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर में गंगा नदी की पुरानी धारा को घनसुरपुर घाट से देदौर घाट तक पुनर्जीवित करने हेतु चल रहे कार्यों का लिया जायजा, तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

- **बख्तियारपुर में सीढ़ी घाट के निकट गंगा चैनल के दांयें तट पर पक्का सुरक्षात्मक एवं कटाव निरोधक कार्य की प्रगति का किया स्थलीय निरीक्षण**

पटना, 09 जून 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर प्रखंड के लखनपुरा में गंगा नदी की पुरानी धारा को घनसुरपुर घाट से देदौर घाट तक पुनर्जीवित करने हेतु चल रहे कार्यों का जायजा लिया। जायजा के क्रम में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल ने कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस काम में तेजी लाकर यथाशीघ्र पूर्ण कराएं ताकि बरसात से पहले यह काम पूरा हो जाए। सीढ़ी घाट एवं इसके आसपास चल रहे विकास कार्यों के पूर्ण हो जाने से यहां आने वाले लोगों को काफी सहूलियत होगी।

ज्ञातव्य है कि इस योजना के अंतर्गत पटना जिला के बख्तियारपुर प्रखंड के ग्राम घनसुरपुर से देदौर तक कुल 4,420 मीटर की लंबाई में गाद सफाई कर गंगा नदी की पुरानी एवं मृतप्राय धार को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति 3427.80 लाख रुपये है। इसके अन्तर्गत वासित क्षेत्र यथा– घनसुरपुर, करौटा एवं हटिया ग्राम के निकट चैनल में संभावित क्षरण को रोकने के लिए कुल 1520 मीटर की लंबाई में जीयो बैग स्लोप पिचिंग के द्वारा सुरक्षात्मक कार्य कराया जा रहा है। चैनल में जलप्रवाह बनाये रखने हेतु अगले तीन वर्षों तक चैनल का रखरखाव भी इस योजना में प्रावधानित है। इस योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सीढ़ी घाट मंदिर एवं जे0एम0टी0 स्कूल के निकट संपर्क पथ हेतु भू–अर्जन भी किया जा रहा है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर स्थित सीढ़ी घाट के निकट चल रहे विकासात्मक कार्यों की प्रगति का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल ने गंगा चैनल के दांयें तट पर पक्का सुरक्षात्मक एवं कटाव निरोधक कार्य की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

ज्ञातव्य है कि इस योजना के माध्यम से पटना जिलान्तर्गत बख्तियारपुर प्रखंड में 330 मीटर की लंबाई में सीढ़ी निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। सीढ़ी घाट के यू0/एस0 में 1100 मीटर एवं डी0/एस0 में 1000 मीटर में कुल 2100 मीटर की लंबाई में कटाव निरोधक कार्य (पी0पी0 रोप गैबियन टो एवं जियोबैग स्लोप पिचिंग) तथा पाथ–वे का निर्माण कराया जाना है। शौचालय निर्माण, चेजिंग रूम निर्माण, लैड स्केपिंग एवं प्रकाशीय व्यवस्था का कार्य

कराया जाना है। इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति 5606 लाख रुपये है। इस कार्य को जून 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व सांसद पंडित शीलभद्र याजी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व0 बालकेश्वरी याजी की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी।

इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार, श्री सत्यानंद याजी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं जल संसाधन विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

*******